NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 92 /NCRES/20 Date :18.5.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– कोविड–19 के संक्रमण को देखते हुये टिकट चेकिग स्टाफ को डि्यूटी से पूर्व PPE किट देने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में NCRES को अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के कारण 22 मार्च से सम्पूर्ण लाक डाउन में भी 12.5.2020 से स्पेशल ट्रेन एवं राजधानी रूट पर ए.सी. स्पेशल ट्रेन चलने की शुरूआत हो चुकी है एवं खबरो के अनुसार 30 जून 2020 के बाद अन्य पैसेन्जर ट्रेनो का संचालन शुरू हो जायेगा।

NCRES का मानना है कि आने वाले समय में यदि इन पैसेन्जर ट्रेनो में टिकट चेकिग स्टाफ की डि्यूटी लगाई जाती है तो कोविड–19 से बचाव के लिये निम्न की व्यवस्था करना जरूरी है।

(1) टिकट चेकिंग स्टाफ को यूनिफार्म का कोट पहनने से कोविड–19 तक छूट प्रदान की जाय क्योकि यूनिफार्म के कोट की प्रतिदिन धुलाई सम्भव नही है।

(2) सभी टी.टी.ई. के लाबी कार्यालय एवं रेस्ट हाउस को दिन में कम से कम दो बार सेनेटाइज किया जाय व साफ सफाई सुनिश्चित किया जाय।

(3) प्रत्येक टिकट चेकिंग स्टाफ को उच्च कोटि के ग्लब्ज, मास्क, PPE किट इत्यादि देने की व्यवस्था की जाय।

(4) लिंक प्रोग्राम (एमिनिटीज) में कार्य करने वाले टिकट चेकिग स्टाफ को अगली ट्रेन से हेडक्वाटर बुलाने का प्रयास किया जाय।

(5) टिकट चेकिंग स्टाफ को महामारी के दौरान संक्रमण से रोकने हेतु कम्प्यूटराईज्ड साईन आफ, साईन आन करने से छूट प्रदान की जाय।

(6) 55 वर्ष से अधिक उम्र के टिकट चेकिंग स्टाफ को स्टेशनरी जाब में लगाकर कार्य कराया जाय।

(7) सभी. टी.टी.ई. रेस्ट हाउस में डिस्पोजल चादर, मच्छरदानी आदि की व्यवस्था की जाय।

(8) टिकट चेकिंग स्टाफ एवं अन्य की सहायता हेतु ट्रेन में आर.पी.एफ., जी.आर.पी. स्टाफ के अलावा एक डाक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था की जाय।

(9) प्रत्येक टिकट चेकिंग स्टाफ को यूज एण्ड थ्रो पेन तथा आवश्यक स्टेशनरी की व्यवस्था की जाय।

NCRES का अनुरोध है कि सभी टिकट चेकिग स्टाफ के लिये PPE किट समय पूर्व मंगा लिया ज़ाय ताकि अचानक ड्यिूटी पर जाने का आदेश होने पर रेल संचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री